प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
29.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में पर्यावरण पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्‌घाटन करेंगी। दो दिन के इस सम्मेलन में पर्यावरण विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण पर्यावरणीय मुद्दों पर चर्चा करने का अवसर मिलेगा। सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रीय हरित अधिकरण कर रहा है। सम्मेलन में चार प्रमुख तकनीकी सत्र होंगे, जिनमें जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण नियंत्रण, जैव विविधता संरक्षण और सतत विकास सहित पर्यावरण के समक्ष चुनौतियों पर चर्चा की जाएगी।

पीएम–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 120वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा। मन की बात का सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी किया जाएगा। हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से प्रादेशिक भाषाओं में इस कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

मंत्रिमंडल

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में कल देर शाम शिमला में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक हुई जिसमें कई अहम फैसले लिए गए। बैठक में राज्य सरकार ने 12वीं कक्षा तक शिक्षा की व्यवस्था के लिए प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय को स्कूल शिक्षा निदेशालय में स्तरोन्नत करने को मंजूरी प्रदान की जिसके तहत उच्च शिक्षा निदेशालय अब महाविद्यालयों के साथ–साथ उच्च शिक्षा के सभी पहलुओं का प्रबंधन करेगा। मंत्रिमंडल ने बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार, हिमाचल नियम, 2011 में संशोधन करने का भी निर्णय लिया। मंत्रिमंडल ने एचआरटीसी में 297 इलैक्ट्रिक बसें और 24 वातानुकूलित सुपर लग्जरी बसों की खरीद को भी मंजूरी दी है। बैठक में तकनीकी शिक्षा विभाग में शिक्षकों के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य पुरस्कार योजना शुरू करने का भी निर्णय लिया गया जिसके तहत, छह श्रेणियों में 10 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

विक्रमादित्य

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूत करना सरकार की प्राथमिकता है। शिमला के रिज़ मैदान पर शहरी आजीविका मिशन के तहत आयोजित राज्यस्तरीय सांझा उत्सव के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने यह बात कहीं। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि शिमला में कुछ दुकानें चिन्हित की जाएगी जहां साल भर स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाएं गए उत्पादों की बिक्री हो सकेगी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से महिलाओं की आजीविका बढ़ेगी।

उत्सव में हिमाचल सहित अन्य राज्यों के शहरी क्षेत्रों की स्वयं सहायता समूहों की 50 से अधिक महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है। ये उत्सव एक अप्रैल तक चलेगा।

यादविन्द्र गोमा

आयुष व खेल मंत्री यादविंदर गोमा ने कांगड़ा जिला के पंचरूखी क्षेत्र में 6 दिवसीय राज्य स्तरीय ऐतिहासिक छिंज मेला सल्याणा का शुभारंभ किया। इस दौरान भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें सैंकड़ों लोगों ने भाग लिया। इस अवसर उन्होंने कहा कि मेले हमारी समृद्ध सभ्यता और सांस्कृतिक धरोहर के प्रतीक हैं और ऐसे आयोजन प्राचीन सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में ये अहम भूमिका निभाते हैं। इससे पहले उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का शुभारंभ और अवलोकन भी किया।

प्रशिक्षण

किन्नौर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा मिस्त्रियों के लिए कल तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू किया गया। किन्नौर  के उपायुक्त डॉ अमित कुमार शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि समय–समय पर प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। शिविर में मिस्त्रियों को भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों में भवन निर्माण के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई ताकि बहुमूल्य जानों एवं संपति को बचाया जा सके।

परीक्षा

राज्य चयन आयोग, हमीरपुर ने 27 मई, 2022 के पोस्ट कोड–965 के तहत जूनियर ऑफिस अस्सिटेंट के अनुबंध आधार पर 319 पदों पर भर्ती के लिए जारी किए गए विज्ञापन को प्रशासनिक कारणों से वापस ले लिया है। चयन आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि अब इन पदों को पुनर्विज्ञापित किया जाएगा और वर्ष 2022 में इन पदों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों द्वारा जमा करवाई गई फीस वापस की जाएगी। उन्होंने कहा कि भर्ती विज्ञापन जारी होने के बाद अभ्यर्थियों को फिर से आवेदन करना होगा।